Clearfield® Production System

BASF We create chemistry

क्लियरफ़ील्ड™

सरसों की उत्पादन प्रणाली

सरसों के खरपतवार

ओरोबैंकी प्रजाति

चेनोपोडियम एल्बम

रुमेक्स डेंटेटस

मेलिलोटस इंडिकस

एस्फोडेलस प्रजाति

फ्यूमरिया पार्विफ्लोरा

एवेना फतुआ

क्लियरफ़ील्ड™ सरसों की खेती की प्रणाली के कदम

क्लियरफ़ील्ड™ संकर बीज

हर साल क्लियरफ़ील्ड™ गुण वाले नए संकर बीज खरीदें. (पिछली फसल से बचाकर रखे गए बीजों का उपयोग न करें.)

+

किफ़िक्स™ शाकनाशी

सिर्फ़ बीएएसएफ किफिक्स™ शाकनाशी का ही प्रयोग करें.

+

प्रबंधन

किफ़िक्स™ 70% डब्ल्यूजी: प्रयोग

(इमाज़ापायर 52.5% और इमाज़ापिक 17.5% डब्ल्यूजी)

- खरपतवारों की 2 से 4 पत्ती अवस्था में प्रयोग करें.
- आमतौर पर बुवाई के 20–25 दिनर बाद प्रयोग करें.
- बेहतरीन नतीजे पाने के लिए, इस बात का ख्याल रखें किफ़िक्स™ के प्रयोग के दौरान मिट्टी में पर्याप्त नमी हो.
- स्प्रे करते समय कट नोजल का प्रयोग करें।
- प्रभावी परिणामों के लिए, छिड़काव हेतु प्रति एकड़ 150 लीटर पानी का उपयोग करें
- किफ़िक्स™ का प्रयोग करने के 48 घंटे बाद तक स्प्रिंकलर से सिंचाई न करें.

मात्रा

किफिक्स™ – 80 ग्राम/एकड़

+

आउटराइट™ – 300 मि.ली./एकड़

क्लियरफ़ील्ड™ सरसों की खेती की प्रणाली:

एकीकृत खरपतवार प्रबंधन कार्यक्रम और प्रतिरोध प्रबंधन

- अनुशंसित मात्रा, समय और प्रयोग विधि का उपयोग करें.
- किफिक्स™ के प्रयोग के बाद, बची हुई खरपतवारों (यदि कोई हों) की जाँच कर बीज लगने से पहले उन्हें हाथ से निकाल दें.
- फसल चक्र अपनाने और लगातार 2 सालों से अधिक समय तक एक ही क्लियरफील्ड™ सरसों की खेती की प्रणाली का उपयोग करने से बचने की सलाह दी जाती है. इससे खरपतवार प्रतिरोध की रोकथाम करने और शाकनाशी–सहिष्णु प्रणाली की प्रभावशीलता लंबे समय तक बनाए रखने में मदद मिलती है.
- जब क्लियरफील्ड™ गुण वाली फसल न लगा रहे हों, तो खरपतवार प्रबंधन और प्रतिरोध के विकास में देरी के लिए गैर–एएलएस शाकनाशियों को एकीकृत करें या विभिन्न क्रिया विधियों वाले शाकनाशियों का अदल–बदल कर प्रयोग करें.

क्लियरफ़ील्ड™ सरसों की खेती की प्रणाली:

शाकनाशी के फैलाव पर नियंत्रण

- शाकनाशी–सहिष्णु (एचटी) सरसों और गैर–एचटी सरसों या आस–पास की फसलों के बीच **3 मीटर का बफर ज़ोन बनाए रखें** जिससे शाकनाशी का फैलाव न हो जिससे नुकसान पहुँचता है

- हमेशा **फैलाव कम करने वाले नोजल वाले स्प्रेयर का उपयोग** करें और आस–पास के जल निकायों से कम से कम 3 मीटर का छिड़काव मुक्त बफर जोन बनाए रखें.

- छिड़काव/प्रयोग करने के लिए **ड्रोन का उपयोग न करें** जिससे कि रसायन का फैलाव न हो.

क्लियरफ़ील्ड™ सरसों की खेती की प्रणाली:

परपरागण/जीन प्रवाह पर नियंत्रण

- इस बात का ख्याल रखें कि सरसों की फसल की कटाई सही समय पर हो जिससे कि सरसों की फलियाँ न फटने पाएँ.
- क्लियरफील्ड सरसों की खेती करने पर अपने आप अंकुरित होने वाले सभी अनचाहे पौधों को नियंत्रित करें. थ्रेसिंग, पैकिंग स्थल जैसे अधिक स्वयं अंकुरण वाले क्षेत्रों से अवगत रहें और खेत की सीमा को साफ रखें.
- बीज के फैलाव को रोकने के लिए परिवहन के दौरान लोड को ठीक से ढक कर रखें या बीज की बोरियों को सिल दें.
- फसल की कटाई के बाद गहरी जुताई से बचें जिससे बीज प्रसुप्तावस्था में न जाने पाएँ.
- सरसों की फसल कटने के बाद और अगली खरीफ फसल की बुवाई से पहले खेत में एक अच्छी सिंचाई अवश्य करें।

कृपया समझदारी से कदम उठाइए

1 खरीदना

कीटनाशक खरीदने से पहले उचित सलाह लें. उन्हें अधिकृत रिटेलर्स से खरीदें और बिल मांगें.

2 ढुलाई

कीटनाशकों की ढुलाई कभी भी खाने-पीने की चीजों-फलों व तरकारियों के साथ न करें.

3 भंडारण



कीटनाशकों को हमेशा किसी जगह तालाबंद करके रखें. और वह जगह बच्चों और पशुओं की पहुंच से दूर होनी चाहिए.

4 प्रोडक्ट लेबल और परचों को पढ़ें



प्रोडक्ट्स के लेबल और पत्रक को हमेशा ध्यानपूर्वक पढ़ें.

5 घोल बनाना

खाली हाथों से कभी भी मिश्रण न बनाएं, इसके लिए छड़ी का इस्तेमाल करें. अगर नोजल बंद हो गया है तो मुंह से फूंक न मारें. मिश्रण बनाते और छिड़काव करते समय सही निजी सुरक्षाकारी उपकरण धारण करें.

6 तीन बार – कीटनाशक के डिब्बों को धोएं

१. डिब्बे को पानी से एक चौथाई भरें.
२. डिब्बे को बंद करें और ३० सेकण्ड तक हिलाएं.
३. डिब्बे के घोल को टैंक में उलट दें.
इसे ३० सेकण्ड या अधिक समय के लिए थामे रखें.
*अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा करें. डिब्बे को तोड़ दें ताकि इसका दोबारा इस्तेमाल न हो सके.

7 कीटनाशकों का छिड़काव करते समय क्या करें और क्या न करें



कीटनाशकों का छिड़काव करते समय न तो कुछ खाएं-पीएं न ही धूम्रपान करें. कीटनाशकों का इस्तेमाल प्रात:काल या शाम के समय करना बेहतर होगा तथा जब हवा चल रही हो तो छिड़काव न करें.

8 निपटारा

खाली डिब्बों को पानी में या खेत में या मवेशियों के आसपास न फेंकें और खाली डिब्बों का इस्तेमाल कभी भी खाद्य-पदार्थ या पानी रखने के लिए न करें.

9 कीटनाशकों के छिड़काव के बाद देखभाल



कीटनाशकों का छिड़काव करने के बाद, निजी सुरक्षा उपकरण तथा अपने कपड़ों को धोएं और नहाएँ.

1. सरसों, चावल में इस्तेमाल करने के लिए इस उत्पाद की सिफारिश की जाती है। 2.इस प्रपत्र में उत्पाद संबंधी सिफारिशें सी.आई.बी द्वारा अनुमोदित की गई है. 3.इस प्रपत्र में प्रकाशित अनुशंषायें पूरी तरह से अद्यतन हैं. अत: इससे पूर्व प्रकाशित सारी अनुशंषओं को निरस्त समझा जाये. डिस्क्लेमर: 1. इस हैंडआउट/मैन्युअल में दी गई सभी जानकारी बीएएसएफ ग्रुप की सम्पत्ति है। बीएएसएफ की लिखित अनुमति के बिना किसी जानकारी या उसके अंश को पुन: उद्धृत करना निषिद्ध है। 2. हैंडआउट/मैन्युअल में दी गई जानकारी निजी रिसर्च और फील्ड पर किए गए अवलोकनों पर आधारित है। यहां दी गई जानकारी के अनुसार प्रोडक्ट की कार्यकुशलता में स्थानीय दशाओं तथा अन्य विभिन्न मानकों के अनुसार अंतर हो सकता है, जिसके फलस्वरूप किन्हीं प्रत्यक्ष और/या अप्रत्यक्ष क्षतियों के लिए कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा। **वारण्टी:** बीआईएल द्वारा वारण्टी दी जाती है कि प्रोडक्ट, सेन्ट्रल इंसेक्टिसाइड्स बोर्ड द्वारा बीआईएल को जारी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेशन के अनुसार तकनीकी विनिर्धारण को पूरा करेगा। गलत संचालन, छिड़काव या भंडारण या ग्राहक/ग्राहकों की ओर से किसी लापरवाही के कारण गुणवत्ता/मात्रा में किसी ह्रास के लिए बीआईएल जिम्मेदार नहीं होगा। **कॉर्पोरेट ऑफिस: बीएएसएफ इंडिया लिमिटेड,** यूनिट नं. 10ए, 10बी और 10सी (पार्ट), 10वीं मंजिल, गोदरेज वन, पिरोजशा नगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई – 400 079, महाराष्ट्र, भारत।

हमें यहा फॉलो करें

BASF Agro India

22-9-2026